पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उत्तर प्रदेश

# सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री द्वारा गाज़ियाबाद के राजेन्द्र नगर में जन संवाद एवं स्थलीय निरीक्षण

लखनऊ : 08 जुलाई, 2025

उत्तर प्रदेश सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री श्री सुनील कुमार शर्मा द्वारा आज प्रातः वार्ड–80, राजेन्द्र नगर, गाज़ियाबाद स्थित राम वाटिका पार्क एवं परशुराम पार्क का भ्रमण कर क्षेत्रीय नागरिकों से प्रत्यक्ष संवाद स्थापित किया गया।

इस अवसर पर मंत्री श्री शर्मा ने स्थानीय निवासियों से क्षेत्रीय समस्याओं, सुझावों एवं जनभावनाओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं को सुनना एवं उनका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना प्रत्येक जनप्रतिनिधि का प्राथमिक दायित्व है।

श्री शर्मा ने यह भी उल्लेख किया कि शासन आमजन की सुविधा, सुरक्षा एवं समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है, और इस दिशा में जन संवाद जैसे कार्यक्रम प्रशासन को अधिक उत्तरदायी एवं संवेदनशील बनाने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आम नागरिकों की उपस्थिति रही, जिन्होंने उत्साहपूर्वक अपने सुझाव एवं अनुभव साझा किए।

---

सम्पर्क सूत्र– अभिषेक सक्सेना

राघवेन्द्र / 06:00 PM

फोन नम्बर Direct : 0522–2239023 ई0पी0बी0एक्स0: 0522–2239132,33,34,35 एक्सटेंशन : 223 224 225
फैक्स नं0 : 0522–2237230 0522–2239586 ई–मेल : upsoochna@gmail.com,
वेबसाइट :www.information.up.gov.in